आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 19.05.2026 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम इटली के रोम पहुंचेंगे। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर यह दो दिवसीय दौरा व्यापार, निवेश और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में दोनों देशों के संबंधों को नई मजबूती देगा। वहीं दूसरी तरफ श्री मोदी ने और स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टरसन ने एक साझा लेख लिखकर कहा है कि दुनिया को संकीर्ण सोच छोड़कर आपसी सहयोग की राह चुननी होगी। लेख में भारत के दो बड़े लक्ष्यों का जिक्र है किया गया है। इसमें 2047 तक विकसित देश बनना और 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करना शामिल है।

मध्य क्षेत्रीय परिषद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज छत्तीसगढ़ के बस्तर में मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में शिरकत की। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने की। छत्तीसगढ़ सरकार इस बैठक की मेजबानी कर रही है। बैठक में डॉ. मोहन यादव के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी हिस्सा लिया। इस बैठक का मकसद केंद्र और राज्यों के बीच आपसी मुद्दों को मिल-बैठकर सुलझाना है। पिछली बैठक पिछले साल जून में वाराणसी में हुई थी।

पुलिस-सम्मानित

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल बस्तर के बादल अकादमी में आयोजित "उजर बस्तर" कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पुलिस के अधिकारियों और हॉक फोर्स के जवानों को सम्मानित किया। यह सम्मान बालाघाट और छत्तीसगढ़ सीमा से लगे नक्सल प्रभावित इलाकों में कामयाब एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाने के लिए दिया गया। डीजीपी कैलाश मकवाणा समेत कई वरिष्ठ अधिकारी और हॉक फोर्स के जवान इस सम्मान से नवाजे गए। हॉक फोर्स ने आधुनिक तकनीक और सटीक खुफिया जानकारी के दम पर नक्सलियों के नेटवर्क को कमजोर करने में अहम भूमिका निभाई।

गेहूं खरीदी

प्रदेश में अब तक 12 लाख 10 हजार से ज्यादा किसानों से करीब 87 लाख 71 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हो चुकी है। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि यह खरीदी 23 मई 2026 तक चलेगी किसानों को 2 हजार 585 रुपये समर्थन मूल्य के साथ 40 रुपये बोनस मिलाकर 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जा रहा है। अब तक किसानों को 10 लाख 19 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का भुगतान हो चुका है।

रेल लाइन-मंजूरी

रेलवे ने 54 किलोमीटर लंबे किऊल-झाझा तीसरी लाइन प्रोजेक्ट को 962 करोड़ रुपये की मंजूरी दे दी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह प्रोजेक्ट बेहद व्यस्त हावड़ा-दिल्ली कॉरिडोर पर ट्रेनों की क्षमता बढ़ाएगा। इससे ट्रेनें समय पर चलेंगी और यात्री व मालगाड़ियों की आवाजाही आसान होगी।

आवारा कुत्ते- सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक स्थानों से पकड़े गए आवारा कुत्तों को वापस न छोड़ने के अपने पुराने आदेश को बदलने से साफ इनकार कर दिया। जस्टिस विक्रम नाथ की अगुवाई वाली पीठ ने नवंबर 2025 के आदेश में बदलाव की मांग वाली याचिकाएं खारिज करते हुए कहा कि ऐसे कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखा जाए। अदालत ने बच्चों, बुजुर्गों और यात्रियों पर कुत्तों के हमलों की बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता जताई है।

आईपीएल

आईपीएल में आज शाम साढ़े सात बजे जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स आमने-सामने होंगे। आरसीबी, गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं। मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं। ऐसे में राजस्थान के लिए यह मैच प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिहाज से बेहद अहम होगा।

सोना-चांदी हुआ और महंगा

आज सोने और चांदी दोनों के दाम में बढ़ोतरी हुई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1168 रुपए महंगा होकर 1.59 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी 2181 रुपए उछलकर 2.70 लाख रुपए हो गई है।

मौसम

प्रदेश में कल भीषण गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। खजुराहो में पारा 46.8 डिग्री पहुंचा, जो इतिहास का दूसरा सबसे गर्म दिन रहा। नौगांव में 46, राजगढ़ में 45.5 और रतलाम में 45.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की और बढ़ोतरी हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

- आगरमालवा में जिला पोषण, बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में कुपोषण मुक्ति अभियान, बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार पर विस्तार से चर्चा की गई।
- कटनी जिले में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व 40 दिवसीय निःशुल्क ऑनलाइन योग प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।
- नर्मदापुरम जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने मानसून पूर्व तैयारियां तेज कर दी हैं।
- राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों की मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 को लेकर जबलपुर कलेक्ट्रेट में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई।
- शिवपुरी जिले में कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत संचालित 10 दिवसीय खरीफ पूर्व कृषि रथ अभियान चलाया जा
- खण्डवा में शासकीय महिला आईटीआई कॉलेज में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।